# व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज

## विज्ञापन संख्या 01/2023

1. व्यवहार न्यायालय साहेबगंज में रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में स्वहस्तलिखित आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित है :–

| क्रम संख्या | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या (श्रेणी अनुसार) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | कुल रिक्त पद |
| 01 | चालक (ग्रुप–सी0) | 01 | – | – | – | – | – | 01 |
| 02 | पदचर–सह/ आदेशपाल (ग्रुप–डी0) | 03 | – | 03 | – | – | – | 06 |
| 03 | दफ्तरी (ग्रुप–डी0) | 01 | – | – | – | – | – | 01 |

3. शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान :– पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान निम्न है :–

| क्रम संख्या | पदनाम | वेतनमान | योग्यता | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 01 | चालक (ग्रुप–सी0) | रू. 19,900–63,200/– लेवल–2 | दसवीं (मैट्रिक) उत्तीर्ण या समकक्ष तथा LMV का लाईसेन्स धारक | ड्राईविंग रूल के अनुसार स्कीनिंग टेस्ट |
| 02 | पदचर–सह/ आदेशपाल (ग्रुप–डी0) | रू. 18,000– 56,900/– लेवल–1 | दसवीं (मैट्रिक) उत्तीर्ण या समकक्ष | स्कीनिंग टेस्ट एवं साक्षात्कार |
| 03 | दफ्तरी (ग्रुप–डी0) | रू. 18,000– 56,900/– लेवल–1 | दसवीं (मैट्रिक) उत्तीर्ण या समकक्ष | स्कीनिंग टेस्ट एवं साक्षात्कार |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजा याफ्ता ना हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न हो।

5. अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग (PwBD) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा मान्य एवं निर्धारित अद्यतन आरक्षण नियम लागू होंगे। आरक्षण का दावा करने वाले उम्मीदवार का आरक्षण सम्बंधी प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।

6. सरकारी नियमानुसार पद आरक्षित है। महिला, दिव्यांग एवं खेल–कूद कोटा का संदर्भ में नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण का लाभ मान्य होगा।

7. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक **01.08.2022** को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ी जाति/अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्ष, महिलाओं के लिए अधिकतम 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरूष/महिला) के लिए अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए (उम्मीदवारों की उम्र सीमा एवं आरक्षण की सुविधा झारखण्ड राज्य द्वारा निर्धारित नियमावली के अनुसार होगी तथा आवेदक की सेवा शर्त व्यवहार न्यायालय नियमावली के अनुसार होगी)।

8. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से सम्बंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं आरक्षित वर्ग के आवेदक आरक्षण से सम्बंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।

9. उम्मीदवार अपना स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, साहेबगंज को सम्बोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01.03.2023 के अंदर तक स्वंय या निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्य दिवस को प्रातः 10:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

10. आवेदक, आवेदन पत्र के साथ 3 अद्यतन पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ संलग्न करें, जिसमें एक आवेदन पत्र पर, दूसरा प्रवेश पत्र पर सटा रहना चाहिए एवं तीसरा अतिरिक्त होगा। स्व पता लिखा लिफाफा 25 से.मि. X 11 से.मि. ( प्रवेश पत्र पर निर्गत करने हेतु ) जिसपर 40/– रूपये का डाक टिकट सटा हुआ हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

11. महत्वपूर्ण निर्देश :–

I. आवेदन पत्र के प्रपत्र क एवं ख के प्रारूप को पृथक पन्नों में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र क के प्रारूप को हिन्दी में भरें जो स्वहस्तलिखित एवं स्वहस्ताक्षरित हो। आवेदक प्रपत्र ख को स्वहस्तलिखित प्रति में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र ख की कंडिका 4 एवं 5 को छोड़कर अन्य कण्डिकाएँ आवेदक स्वंय भरें। आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय साहेबगंज, की वेबसाईट– https://districts.ecourts.gov.in/sahibganj से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

II. आवेदकों को व्यवहार न्यायालय साहेबगंज में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

III. उम्मीदवार एक आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

IV. उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्सम्बन्धी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।

V. आवेदक का प्रवेश पत्र, जिसमें परीक्षा/साक्षात्कार का स्थान एवं तिथि अंकित होगी, उनके दर्शाये गए पते पर डाक द्वारा भेजा जायेगा।

VI. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जायेगी।

VII. लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।

VIII. वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

IX. परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

X. उपरोक्त पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।

XI. आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या हाथों हाथ)

सेवा में

प्रभारी न्यायाधीश
व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज,
पिन कोड– 816109

/Sd
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज।

# आवेदन पत्र का प्रारूप (क)

स्व–हस्तलिखित आवेदन पत्र निम्नलिखित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथों हाथ भेजें:

विज्ञापन संख्या : 01/2023

राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकायें।

पदनाम :

1. आवेदक का नाम :
   क. हिन्दी में : ....................................................................................................
   ख. अंग्रेजी में (बड़े अक्षरों में): ........................................................................

2. पिता/पति का नाम : ..........................................................................................
3. जन्म तिथि : ..........................................................................................
   (प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)
4. दिनांक ......... ............. ............. को आवेदक की आयु : ........... वर्ष ........... महीना........... दिन
5. स्थायी पता (पिन कोड के साथ) ..........................................................................................
   ..........................................................................................
   ..........................................................................................
6. पत्राचार का पता पिन कोड के साथ ..........................................................................................
   ..........................................................................................
   ..........................................................................................
7. मोबाईल न0, यदि कोई हो : ..........................................................................................
8. ईमेल आई0डी0, यदि कोई हो: ..........................................................................................
9. राष्ट्रीयता :– ..........................................................................................
10. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताऍ (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :

| परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम : | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंक प्रतिशत | वर्ग/ श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | | |
| इंटर | | | | |
| स्नातक | | | | |
| अन्य कोई योग्यता | | | | |

11. विशेष योग्यता, यदि कोई हो तो (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– ..........................................................................................
12. क्या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के सदस्य हैं ? (यदि हॉ तो प्रमाण पत्र संलग्न करें)

    कोटि (कृप्या चिन्ह लगाऐं) :
    1. सामान्य –..........................................................
    2. ई0बी0सी0 (अनुसूची–I)–..............................
    3. बी0सी0 (अनुसूची–II)– ..............................
    4. अ0 जा0 – ..........................................................
    5. अ0ज0जा0– ..........................................................
    6. अर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)– ..............................

13. लिंग (कृप्या स्पष्ट करें) :

14. क्या निःशक्त है ? हॉ : ............................. नहीं: ...............................

15. क्या वर्तमान में किसी सरकारी संस्थान/निगम में कार्यरत हैं (हॉ/ना)
 यदि हॉ, तो (अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
 1. विभाग/संस्थान का नाम :–
 2. धारित पद का नाम :–
 3. कब से :–

**घोषणा पत्र**

मैं प्रमाणित करता/करती हूॅ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई विवरणी मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लम्बित है और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से सम्बंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूॅ। मैं अवगत हूॅ कि मेरे द्वारा उपर्युक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है और मुझे परीक्षा में उपस्थिति से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता हूॅ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अन्तर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक/दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

दिनांकः

स्थान : आवेदक का हस्ताक्षर

प्रवेश–पत्र (ख)
व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज।

फोटो चिपकायें।

क्रमांक संख्या :–

(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

(अभ्यर्थी द्वारा भरा जायेगा)

1. आवेदक का नाम :– ..........................................................................................
2. पिता/पति का नाम :– ..........................................................................................
3. पत्राचार का पता :– ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................
4. साक्षात्कार का स्थान/केन्द्र :– ..........................................................................................

   (कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)
5. साक्षात्कार की तिथि :– ..........................................................................................

   (कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

दिनांक :

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
व्यवहार न्यायालय, साहेबगंज।